साल के अंतिम गुरु पुष्य नक्षत्र पर गणेश मंदिरों में हुआ गणपति का पंचामृत अभिषेक

मोदक का लगाया भोग, गुलाब जल, केवड़ा एवं गंगाजल से कराया स्नान

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर। रवि योग और अमृत सिद्धि योग के संयोग में साल के अंतिम पूर्णकालिक गुरु पुष्य योग पर गुरुवार को शहरभर के गणेश मंदिरों में प्रथम पूज्य भगवान गजानन का पंचामृत अभिषेक कर नवीन पोशाक धारण करवाई गई। इस मौके पर गणेशजी का मनमोहक श्रृंगार भी किया गया। मोदक भोग अर्पित कर भक्तों को प्रसाद व रक्षा सूत्र बांटे गए। इसके बाद गणेशजी को फूल बंगले में विराजमान किया गया। मंदिरों के बाहर नए वाहनों की पूजन करवाने वालों की भी भीड़ रही।

गंगाजल से कराया स्नान : मोती डूंगरी गणेशजी मंदिर में महंत कैलाश शर्मा के सान्निध्य में भगवान गजानन का 151 किलो दूध, 11 किलो दही, सवा दो किलो घी, 11 किलो बुरा, शहद से अभिषेक किया गया। उसके बाद गुलाब जल, केवड़ा जल एवं गंगाजल से स्नान कराया गया। भगवान को नवीन पोशाक धारण करवाकर मोदक अर्पित किए गए। सूरजपोल बाजार स्थित श्वेत सिद्धि विनायक

गणेशजी मंदिर में गणेशजी का वेदमंत्रों के बीच दुग्धाभिषेक किया गया। मंदिर पं. नलिन शर्मा के सान्निध्य में महालक्ष्मी की प्राप्ति के लिए हवन किया गया। इसके बाद मूंग के लड्डुओं का भोग लगाकर भक्तों को प्रसाद बांटा गया। श्री गणपति अथर्वशीर्ष और श्री गणपति अष्टोत्तरशत नामावली से गणेशजी का पंचामृत अभिषेक किया गया। इसके बाद नवीन पोशाक धारण करवाकर श्रृंगार किया गया। चांदपोल परकोटा गणेश मंदिर में पूज्य गणेश जी का दुग्धाभिषेक किया गया। नवीन पोशाक धारण कराकर फूल बंगला झांकी सजाई गई। गणपति अथर्वशीर्ष के पाठ कर गणेश सहस्त्रनामावली से प्रथम पूज्य को मोदक अर्पित किए गए।

श्री नहर के गणेशजी महाराज का किया गुरू पुष्याभिषेक

ब्रह्मपुरी माउंट रोड पर स्थित नगर के अतिप्राचीन, दाहिनीं सूंड दक्षिणमुखी श्री नहर के गणेशजी महाराज के मंदिर में गणपति प्रभु का गुरुवार को पुष्याभिषेक किया गया। मंदिर युवाचार्य पं. मानव शर्मा ने बताया कि इस पावन अवसर पर मंदिर महंत पं. जय शर्मा ने अभिजित मुहुर्त में प्रथम पूज्य का दूर्वामार्जन से पंचामृत अभिषेक गणपति अथर्वशीर्ष एवं श्रीगणपति अष्टोत्तरशतनामावली के द्वारा कर पंचोपचार किया। पूजा अर्चना कर भक्तजनों के हितार्थ मंगलकामना करी तत्पश्चात गणपति को नवीन साफा व पोशाक धारण करवाकर वैदिक मंत्रों से 21 मोदकों का भोग अर्पित कर ऋग्वेदोक्त गणपति मात्रिका का पठन किया एवं सायंकालीन महाआरती 251 दीपकों से की गई, मंदिर में दर्शनार्थ आने वाले श्रद्धालुओं को विघ्ननिवारक रक्षासूत्र वितरित किए गए।

सूरजपोल मंडी में छापा, 884 लीटर घी सीज किया गया

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर। शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत फूड सेफ्टी टीम ने गुरुवार को दूसरे दिन भी सूरजपोल मंडी में तेल और घी व्यापारियों के यहां छापा मारा।

टीम ने एक व्यापारी के यहां छापा मारकर वहां से घी के सैंपल लिए। संदेह होने पर 800 लीटर से ज्यादा घी के स्टॉक को सीज किया। जयपुर सीएमएचओ फर्स्ट डॉ. विजय सिंह फौजदार ने बताया- पुलिस थाना गलता गेट के साथ सूरजपोल अनाज मंडी स्थित मैसर्स नीरज मार्केटिंग कंपनी के यहां जांच की गई। इस दौरान केशव ब्रांड घी के नमूने लिए और संदेह के आधार पर 884 लीटर घी सीज किया।

मिलावट के खिलाफ अभियान : गंदगी में पैक की जा रही थी पानी की बोतलें

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल एवं चिकित्सा मंत्री के निर्देशों पर प्रदेश में मिलावट के खिलाफ निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को खाद्य सुरक्षा आयुक्त इकबाल खान के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल ने प्राप्त शिकायत के आधार पर सुमरा की ढाणी, नेवटा, सागानेर स्थित मेसर्स स्टरलिंग फूड एण्ड बेवरेज का निरीक्षण किया। अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा ने बताया कि इस निर्माण इकाई पर ड्रिंकिंग वाटर की क्यूबिक एवं वीन ब्रांड की अलग-अलग साइज की बोतलें पैक की जा रही थीं। यहां हाईजीन और सेनिटेशन की स्थिति बेहद खराब पाई गई।

जगह-जगह कचरा एवं मिट्टी पड़ी हुई थी। फूड लाइसेंस निर्धारित स्थान पर प्रदर्शित किया हुआ था। निर्माण इकाई पर पेस्ट कंट्रोल का भी कोई रिकॉर्ड नहीं पाया गया। मशीनों पर जंग लगी हुई थी एवं रि-पैकिंग की जा रही थी। विक्रय हेतु भरी जा रही पानी की बोतल का नमूना लिया गया है।

नकबजनी की वारदात करने वाला हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर। सांगानेर थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम जयपुर पूर्व (डीएसटी) ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए नकबजनी की वारदात करने वाले एक शातिर नकबजन हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से

नकबजनी के दौरान चुराई गई ज्वैलरी सहित रुपये बरामद किए गए है। पुलिस की प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपित नशा करने का आदि है और नशे के शौक को पूरा करने के लिए नकबजनी की वारदात करता है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि सांगानेर थाना पुलिस और डीएसटी पूर्व ने नकबजनी की वारदात करने वाले प्रताप नगर हिस्ट्रीशीटर राहुल चौधरी निवासी प्रताप नगर जयपुर को गिरफ्तार किया है। जिसके खिलाफ एक दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज है। पुलिस ने आरोपी के पास से नकबजनी के दौरान बीस लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात सहित हजारों रुपये की नकदी बरामद की है।

शहर में महिला चोर गिरोह सक्रिय महिला-पुरुष का कीमती सामान पार

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर। शहर में महिला गिरोह सक्रिय है जो कि मौका देखकर सफर के दौरान आमजन का सबसे कीमती सामान पार कर लेता है। शहर में ऐसी दो वारदातें सामने आई है, जिसमें महिला गिरोह ने एक महिला व पुरूष से कीमती सामान पार कर लिया। कालवाड़ थाना इलाके में ई रिक्शा में सफर के दौरान किसी ने एक महिला का बैग में से सामान पार कर लिया। सफर के दौरान ई रिक्शा में अन्य महिलाएं भी सवार थी। पुलिस के अनुसार सूर्य नगर गोकुलपुरा निवासी रमेश चंद ने मामला दर्ज करवाया कि उसकी भाभी गोविंदपुरा से ई रिक्शा में सवार होकर घर लौट रही थी। घर पहुंच कर जब उसने बैग संभाला तो बैग में रखा कीमती सामान पार हो गया। इस पर पीडिता ने परिजनों को सारी घटना बताई। इस पर उसने थाने पहुंच कर मामला दर्ज करवाया। दूसरी घटना में माणक चौक थाना इलाके में ई रिक्शा में सफर के दौरान एक कारोबारी की डायमंड से भरी पोलकी पार कर ली।

कैफे में लगाई आग

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर। बजाज नगर थाना इलाके में अज्ञात बदमाश ने कैफे में आग लगा दी। आग लगाने की घटना का हर्ष गोयल नाम के व्यक्ति ने लॉरेंस बिश्नोई के नाम से इंस्टाग्राम पर विडियो डाल दिया और आग लगाने की जिम्मेदारी ली। आरोपी ने उसके खिलाफ शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस के अनुसार रूप नगर द्वितीय महेश नगर निवासी पारस जैन ने मामला दर्ज करवाया कि उसका जेपी अंडरपास के पास कैफे है। उसके कैफे में किसी ने 29 अक्टूबर को आग लगा दी थी। इसी घटना का विडियो लॉरेंस बिश्नोई के नाम से बने इंस्टाग्राम पर किसी ने डाल दी।

पुलिस-पब्लिक वालीबॉल लीग का आगाज

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर। पुलिस एवं पब्लिक के मध्य आपसी सामंजस्य एवं आपसी मेल-मिलाप को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जयपुर पुलिस कमिश्नरेट के उत्तर जिले में गुरुवार को पुलिस-पब्लिक वॉलीबॉल आयोजन किया गया है। यह आयोजन एक दिसम्बर तक चलेगा। मैचों का आयोजन थानों के हिसाब से उनके इलाकों में ही रखे गए है।

वॉलीबॉल लीग में पुलिस कमिश्नरेट के उत्तर जिले की कुल तीस टीमें भाग ले रही है। प्रत्येक थाने स्तर से पुलिस एवं पब्लिक के एक-एक टीम, एक महिला टीम उत्तर प्रथम एवं उत्तर द्वितीय व प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की एक टीम प्रतियोगिता में हिस्सा ले रही है। वॉलीबॉल मैचों के प्रथम चरण में प्रत्येक थाने की एक टीम उसी थाना क्षेत्र के आमजन (पब्लिक) की टीमों के मध्य मैच होगा।थाना स्तर की विजेता टीम दूसरे चरण में सर्किल स्तर पर मैच खेलेंगी। फाइनल मैच जिला स्तर पर पहुंचने वाली टीमों के मध्य होगा। थाना कोतवाली, नाहरगढ़, जालुपूरा एवं संजय सर्किल के मैच चौगान स्टेडियम में खेले जाएंगे। इसी प्रकार थाने रामगंज एवं गलता गेट के मैच हीदा की मोरी में खेल ग्राउंड में होंगे। माणक चौक एवं सुभाष चौक के मैच चार दरवाजे पर होंगे। वहीं ब्रह्मपुरी थाने के मैच पुलिस लाइन, जयपुर ग्रामीण में होंगे।

झाड़ियों में मिली दो दिन की नवजात

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर। तूंगा थाना इलाके में झाड़ियों में एक दो दिन की नवजात बालिका रोती मिली। बालिका कंबल में लिपटी थी। पुलिस ने नवजात को जेके लोन हॉस्पिटल में मेडिकल चेकअप के लिए भर्ती करवाया है। जांच अधिकारी एएसआई गिर्राज प्रसाद ने बताया कि तुंगा कस्बा निवासी कालूराम (45) ने नवजात बच्ची मिलने के संबंध में मामला दर्ज करवाया है कि तुंगा इलाके में अणतपुरा रोड किनारे अज्ञात व्यक्ति दो दिन की नवजात बच्ची को फेंका गया। राहगीरों के वहां से निकलने पर नवजात बच्ची के रोने की आवाज सुनाई दी। अंधेरा होने पर मोबाइल टॉर्चर से देखने पर कंबल में लिपटी नवजात बच्ची झाड़ियों में पड़ी दिखाई दी। नवजात बच्ची के मिलने का पता चलने पर स्थानीय लोगों में सनसनी फैल गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने नवजात को तुरंत जेके लोन हॉस्पिटल में मेडिकल चेकअप के लिए भर्ती करवाया। डॉक्टर्स ने पुलिस को बताया कि बच्ची का जन्म दो दिन पहले हुआ है।

जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल 2025

वक्ताओं की पहली सूची की घोषणा

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर। भारत के अग्रणी फेस्टिवल क्यूरेटर और प्रोडक्शन हाउस, टीमवर्क आर्ट्स ने जयपुर के होटल क्लार्क्स आमेर में 30 जनवरी से 3 फरवरी 2025 तक होने वाले प्रतिष्ठित जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल के अपने बहुप्रतीक्षित 18वें संस्करण के लिए वक्ताओं की पहली श्रृंखला की घोषणा की। दुनिया भर में 'पृथ्वी पर सबसे महान साहित्यिक शो' के रूप में जाना जाने वाला यह फेस्टिवल एक बार फिर लेखकों, विचारकों और पाठकों के जीवंत मिश्रण को एक साथ लाएगा, ताकि साहित्य की परिवर्तनकारी शक्ति और संस्कृतियों के लोगों को जोड़ने की इसकी अनूठी क्षमता का पता लगाया जा सके।

पुस्तकों और विचारों के विश्व के सबसे भव्य उत्सव का 2025 संस्करण हमारी कहानियों की कालातीत शक्ति को सुदृढ़ करेगा, जिससे विभाजन को पाटा जा सके, सहानुभूति को बढ़ावा दिया जा सके और हमारे साझा मानवीय अनुभवों का जश्न मनाया जा सके। स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता के अनुरूप, 2025 के संस्करण में पूरे महोत्सव में पर्यावरण के प्रति जागरुक प्रथाओं को दिखाया जाएगा। बहसों, विचारोत्तेजक चर्चाओं और अविस्मरणीय प्रदर्शनों की एक आकर्षक श्रृंखला के साथ, इस वर्ष का कार्यक्रम सांस्कृतिक संपदा, साहित्यिक उत्कृष्ट कृतियों और हरित भविष्य पर ध्यान केंद्रित करने का एक अनूठा मिश्रण पेश करता है, जो इसे किसी अन्य की तरह साहित्यिक उत्सव बनाता है। जयपुर साहित्य महोत्सव अपने मूल में भाषाई विविधता का चैंपियन बना हुआ है, जो विभिन्न भाषाओं के लिए एक मंच प्रदान करता है।

थर्ड ग्रेड टीचर आग से झुलसा

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर। राजस्थान विश्वविद्यालय में गुरुवार को ड्रामा डिपार्टमेंट के पीछे एक थर्ड ग्रेड टीचर आग से झुलस गया। टीचर आग से करीब 85 फीसदी झुलस गया है। गंभीर रूप से घायल थर्ड ग्रेड टीचर को सवाई मानसिंह हॉस्पिटल के बर्न वार्ड में भर्ती कराया गया है। मामले की जांच गांधी नगर थाना पुलिस कर रही है। थानाधिकारी राजकुमार ने बताया कि बस्सी के बड़वा गांव का रहने वाला निवासी ऋतिक मल्होत्रा राजस्थान यूनिवर्सिटी के फिजिकल एजुकेशन डिपार्टमेंट में पढ़ता था। फिलहाल वह थर्ड ग्रेड टीचर है और परसों ही पीटीआई के लिए जॉइनिंग होने वाली थी। झुलसे छात्र ऋतिक मल्होत्रा ने पूछताछ में सामने आया है कि अरावली हॉस्टल में रहता है। वह बाइक लेकर कहीं गया था।

कार का शीशा खटखटाकर उड़ाया युवक का मोबाइल

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर। जयपुर कमिश्नरेट पुलिस खटखट गैंग पर लगाम लगाने में पूरी तरह से नाकाम साबित हो रही है। जबकि हर बार यह गैंग एक ही स्थान पर वारदात को अंजाम दे रही है। पुलिस बदमाशों की इस खुली चुनौती को नहीं स्वीकार पा रही है। बजाज नगर थाना इलाके में खटखट गैंग ने एक्सीडेंट की बात कहकर चालक का ध्यान बंटा कर कार से मोबाइल पार कर लिया। पुलिस के अनुसार वसुधंरा कॉलोनी टोंक रोड निवासी राहुल जैन ने मामला दर्ज करवाया कि वह 16 नवम्बर को शाम करीब सात बजे कार लेकर जा रहा था इसी दौरान गोपालपुरा पुलिया के नीचे ट्रैफिक बत्ती पर रुका तो एक युवक ने आकर उसे एक्सीडेंट होने की बात कहीं।

श्रीराम के राजतिलक साथ रामकथा का समापन आज

भरत चरित्र का प्रसंग सुनकर उपस्थित भक्तगण हुए भाव-विभोर

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर। श्री धन्नदेबाचार्य ट्रस्ट, तमाडिया धाम चाकसू व विश्व मंगलम संस्थान जयपुर के सौजन्य से धार्मिक नगरी जयपुर में चल रही श्री रामकथा में पूज्य जगतगुरू धन्नदेबाचार्य एवम बजरंग देवाचार्य महाराज जी के पावन सान्निध्य में परम श्रद्धेय श्री मदनमोहन जी महाराज की ओर से अपनी दिव्य व ओजस्वी वाणी से भरत चरित्र का प्रसंग सुनकर हजारों की संख्या में उपस्थित भक्तगण भाव विभोर हो गए।

ज्ञात हो की यह श्री राम कथा 14 नवंबर से गोखले मार्ग मानसरोवर में श्री खण्डेलवाल वैश्य ट्रस्ट के निर्माणाधीन भवन उमंग में आयोजित की जा रही है। ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री

हरिमोहन डंगायच व महामंत्री श्री बी एल दूसाद ने बताया की ट्रस्ट भवन के भूतल में आयोजित इस हाल में लगभग 800 व्यक्तियों के बैठने की क्षमता है। लेकिन भक्तों की ऐसी भीड़ उमड़ रही है की हॉल के बाहर बने कोरिडोर में बड़ी स्क्रीन लगाकर भक्तों को कथा का श्रवण व दर्शन कराया जा रहा है। नित्यदिन कथा में पधार रहे महान संतों के दर्शन कराए जा रहे हैं। कथा में गुरुवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की धर्मपत्नी गीता शर्मा, लोकप्रिय सांसद मंजू शर्मा, विश्व मंगलम संस्थान के अध्यक्ष गिर्राज माणक बोहरा, मुख्य संरक्षक रमेश प्रधान, एवं संरक्षक कृष्ण कुमार रैला, उपाध्यक्ष जेपी गुप्ता, कथा के मुख्य मनोरथी एमपी स्वामी व रामराय चौधरी सपरिवार सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मदन महाराज ने भरत चरित्र का प्रसंग सुनाया। महाराज ने बताया कि भरत चरित्र से त्याग, संयम, धैर्य और ईश्वर प्रेम का उदाहरण मिलता है। भरत भाई श्री राम के लिए निष्कलुष और पवित्र प्रेम करते थे। भरत चरित्र से भाई और ईश्वर प्रेम की सीख मिलती है। कथा के समापन के अवसर पर जयपुर मंडल के लगभग 300 साधु संतों व प्रमुख पीठाधीशों का समागम होगा व संतों का आशीर्वचन के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन होगा। संस्थान के सदस्य के के रेला ने बताया कि आज 200 साधु संतों का समागम और श्रीराम जी का राजतिलक होगा।

राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड

बोली आमंत्रण सूचना

बिड संख्या- 9018002422 के अन्तर्गत 132 केवी सिंगल सर्किट ट्रांसमिशन लाइन 132 केवी जीएसएस किशनगंज से प्रस्तावित 132 केवी जीएसएस रेलावन (अनुमानित 17 कि.मी.) का निर्माण कार्य श्रम संविदा के आधार पर, परीक्षण और कमीशनिंग के लिए इच्छुक बोलीदाताओं से दिनांक 30.12.2024 समय 4.00 PM तक बोली आमंत्रित की जाती है। UBN: VPN2425WLOB2063.

बिड के अन्य विवरण खरीद पोर्टल पर देखे जा सकते है (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in) एवं www.energy.rajasthan.gov.in/rvpnl

राज.संवाद/सी/24/8078 | इ.इ.मि.प्र.नि./TR-6475/2024 | अधिशाषी अभियंता (कॉन्ट्रैक्ट्स-I), जयपुर

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग-खण्ड लक्ष्मणगढ़ (सीकर)

क्रमांक :- 1114 | दिनांक :- 14.11.2024

ई-निविदा सूचना संख्या : 07/2024-25

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से सड़क/भवन निर्माण कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 28.11.2024 को सायं 6:00 बजे तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा में 1 कार्य कुल राशि रू. 54.83 लाख का है। ई-निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट https://sppp.rajasthan.gov.in, http://dipr.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

NIB Code:- PWD2425A2652

UBN:- PWD2425WSOB86830

DIPR/C/11420/2024 | अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि. खण्ड लक्ष्मणगढ़

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड चूरू

क्रमांक :- 3002-3020 | दिनांक :- 14/11/2024

ई-निविदा सूचना संख्या : 16/2024-25

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से तहसील व जिला चूरू में निर्माण कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संस्थानों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवम् दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। आर.पी. डब्ल्यू.ए. 100 की शर्तें लागू होंगी। निविदा से संबंधित विवरण वेबसाईट http://dipr.rajasthan.gov.in/tenders.asp एवं विभागीय वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in व http://www.pwd.rajasthan.gov.in तथा http://sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

NIB No.- PWD2425A2630

S.No.	UBN No.	S.No.	UBN No.
1.	[illegible]	2.	[illegible]

DIPR/C/11455/2024 | अधिशाषी अभियन्ता, सा.नि.वि. खण्ड चूरू

नगर निगम ग्रेटर जयपुर

(सांगानेर स्टेडियम वाली रोड, पब्लिक स्कूल के पास, सांगानेर जयपुर)

क्रमांक :- सजउ / 2024 / 185 | दिनांक :- 20.11.2024

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सांगानेर जोन नगर निगम ग्रेटर में स्थाई सफाई कर्मचारी की मृत्यु हो जाने पर उनके आश्रित ने मृतक के स्थान पर अनुकम्पात्मक नियुक्ति हेतु निम्नानुसार आवेदन किया है।

क्र.सं.	मृतक कर्मचारी का नाम व पद	मृत्यु की दिनांक	आवेदक का नाम	आवेदन दिनांक	आवेदक की जन्म दिनांक	मृतक से संबंध	पद जिसके लिए आवेदन किया गया	निवास स्थान का पता
1	स्व. श्री गोवर्धन पुत्र श्री किशोर पद-सफाई कर्मचारी	24.06.2024	श्री रोहित [illegible]	20.07.2024	07.03.2003	पुत्र	कनिष्ठ सहायक	प्लॉट - 867 डी.डी.ए कॉलोनी गोविन्दपुरा सांगानेर जिला जयपुर

अतः उपरोक्तानुसार आवेदक के अनुकम्पात्मक नियुक्ति के आवेदन पर जोन द्वारा कार्यवाही की जा रही है। यदि किसी व्यक्ति/संस्था को इस सम्बन्ध में कोई आपत्ति है तो वह सक्षम साक्ष्यों सहित लिखित में अपनी आपत्ति जोन कार्यालय में 07 दिवस में प्रस्तुत करने का श्रम करें अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं जोन द्वारा उक्त के संबंध में आगामी कार्यवाही की जायेगी।

सूचित रहें।

उपायुक्त सांगानेर जोन नगर निगम ग्रेटर जयपुर

राज.संवाद/सी/24/8118